Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 25-02-2022 | अंक 152

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### चलती बाइक में साड़ी फंसी, महिला घायल, बाल बाल बचा दो माह का बच्चा



चौपारण प्रखंड के पिपरा निवासी सुमिता देवी (22) अपने पति लालन साव के बाइक से अपने दो माह के बच्चे के साथ बरही आ रही थी। इस दौरान अचानक महिला की साड़ी बाइक के पहिया में फंस गई। जिसके कारण अनियंत्रित होकर वह बाइक से गिर गई। लेकिन वह अपने बच्चे को नही छोड़ी। वह बाल बाल बच गई। गंभीर अवस्था मे उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया ग्याम

## पूर्व सांसद के नेतृत्व में रूपेश के परिजन राज्यपाल से मिल सौपा ज्ञापण, सीबीआई जांच की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित**

हजारीबाग के पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रो यदुनाथ पांडेय के नेतृत्व में रूपेश पांडेय के परिजनों ने राज्यपाल रमेश कुमार बैश से भेंट कर घटना से अवगत कराया। रूपेश के परिजनों में रूपेश के पिता सिकंदर पांडेय एवं उनके परिजन राज्यपाल रमेश बैश से मिलकर बरही में हुई रूपेश पांडेय की हत्या को लेकर ज्ञापन सौपा । उन्होंने सीबीआई जांच के साथ साथ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने बताया की 6 फरवरी को बरही



राज्यपाल को ज्ञापण सौपते परिजन

अंर्तगत नईटांड़ निवासी रूपेश कुमार पांडेय उम्र 17 वर्ष पिता सिकंदर पांडेय को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक विशेष समुदाय के लोगो ने म०ब लीचिंग कर पीटकर हत्या कर दी थी। महामहिम राज्यपाल से अनुरोध किया की इस प्रकरण को अतिशीघ्र संज्ञान में लेते हुए रूपेश पांडेय हत्याकांड की केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से जांच कराकर न्याय दिलाए। साथ ही इस प्रकार की घटना का पुनरावृति न हो। मौके पर शैलेंद्र सिन्हा, झारखंडी पांडेय, अनिल पांडेय, राजू तिवारी एवं दिलीप सिंह मौजूद थे।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो कयूम



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया निवासी समा. जसेवी धनेश्वर रविदास (65 ) वर्ष का का आक. स्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार विजैया नदी घाट पर शुक्रवार को हो गया। अंतिम संस्कार में बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। मृतक के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए शोक. ाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर अंतिम संस्कार में मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया सहदेव शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी रघु मोदी, सुरेश कुशवाहा, चंद्रिका दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## सदर विधायक ने विधान सभा मे उठाया रूपेश पांडेय हत्याकांड का मुद्दा, 50 लाख एवं एक नौकरी की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित**



सदन में अपनी बात रखते मनीष जयसवाल

पिछले 6 फरवरी को दुलमहा में घटी रूपेश हत्याकांड का मामला को सदर विधायक मनीष जायसवाल ने विधान सभा मे उठाया। उन्होंने सदन को बताया कि पिछले छह फरवरी को एक हिंसक भीड़ ने नई टांड निवासी सिकन्दर पांडेय के 16 वर्षीय पूत्र रूपेश पांडेय की निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले को लेकर 27 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमे मात्र 5 लोगों को ही पुलिस जेल भेजी है। जबकि 22 को अबतक नही पकड़ी है। उन्होंने सदन के माध्यम सरकार से मांग किया कि फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर जल्द सुनवाई हो और दोषियों को सजा दिलाई जाय। साथ ही मृतक के परिजन को 50 लाख रुपये की मुआवजा मिले और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी मिले। सदर विधायक के पहल को भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजयुमो जिला मंत्री अजय दुबे, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, रितिक राज, त्रिवेणी साहू, गुरुदेव गुप्ता, नंद किशोर कुमार, पिंटू चंद्रवंशी, राजेन्द्र चंद्रवंशी सहित कई भाजपाइयों ने सराहना की है।

## पंचायत चुनाव के सुगबुगाहट के साथ ही संभावित प्रत्यशियों की जन सम्पर्क तेज

### सोशल मीडिया से भी बढ़ाई सक्रियता, नित्य होते हैं पोस्ट
















**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित**

झारखण्ड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सुग. बुगाहट के साथ ही पंचायत चुनाव में अपनी भाग्य आजमाने वाले संभावित प्रत्याशी एक बार फिर से सक्रिय हो गए है। अपने लोक लुभावन घोषणा के साथ ही ही कई लोग गरीबो की मदद करने के उद्देश्य से अपने मतदाताओं से जनसंपर्क करना शुरु कर दिए हैं । सुबह होते ही संभावित उम्मीदवार अपने मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए हर संभव प्रयास तेज कर दिए है। ज्ञात हो कि बरही में 20 मुखिया, 26 पंचायत समिति सदस्य, 3 जिला परिषद सहित सैकड़ों वार्ड सदस्य का चुनाव होना है। आरक्षण रोस्टर के अनुसार कई सीट पर पुरुष के स्थान पर महिला एवं महिला सीट पर पुरुष को आरक्षित किया गया है। इस वजह से 50 प्रतिशत सीट पर निर्वाचित प्रतिनिधियों का चेहरा बदलने वाला है। हालांकि अधिकांश मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य एक बार पुनः अपनी भाग्य आ. जमाने वाले हैं। इससे भी इंकार नही किया जा सकता है कि कई मुखिया, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों के प्रति काफी नाराजगी देखी जा रही। इस वजह से इन लोगों के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। प्रचार प्रसार एवं अपने नीति एवं सिद्धान्त को जन जन तक पहुंच ाने के लिएं शोसल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। इस ममले में बरही पश्चिमी से कपिल प्रसाद केशरी जी एवं जिला परिषद सदस्य को लेकर कुंती देवी फिलहाल सबसे आगे चल रहे है।

## स्थानीयता नीति के आंदोलन को लेकर आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

मूलवासी आदिवासी संघर्ष समिति की बैठक शुक्रवार को विष्णुगढ़ इंटर क०लेज परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने की। संचालन पूर्व मुखिया उत्तम कुमार ने किया। बैठक में स्थानीय नियोजन नीति को लागू करने पर बल दिया गया। कहा गया कि झारखंड में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति तय हो और इसी के आधार पर नियोजन नीति बने। जिसके पास 1932 का खतियान होगा वही झारखंड की सरकारी सेवाओं में पात्रता रखेगा। झारखंड की औद्योगिक नीति एवं विस्थापन नीति भी 1932 के खतियान की शर्तो के आधार पर तय करने की मांग की गई। इसके लिए आंदोलन की रणनीति तय की गई। निर्णय लिया गया कि 22 मार्च को स्थानीयता नीति तय करने की मांग को लेकर हजारीबाग कूच किया जाएगा। जिसमें प्रखंड से



मूलवासी आदिवासी संघर्ष समिति की बैठक में शामिल लोग

बड़ी संख्या में लोग शामिल हा. गे। बैठक में हीरामन महतो, प्रेमचन्द महतो, टेकोचन्द महतो, राजेन्द्र महतो, जोबर मुखिया मुनीलाल महतो, रीतलाल महतो, पंसस चुनुलाल सोरेन, दामोदर महतो, राजेन्द्र मंडल, महेन्द्र राम, सोमर महतो, महादेव कुमार देहाती, संतोष कुमार महतो, महेन्द्र कुमार, तालेबर महतो, सरजु साव, उतम महतो, महादेव महतो, छोटी शर्मा, बुधन महतो, माही पटेल, संजय महतो, गंगाधर महतो, दामोदर महतो, धानेश्वर महतो, सत्यनारायण महतो, घनश्याम महतो, नागेश प्रसाद, माधो महतो, धर्मवीर यादव, मुरलीधर महतो, निरंजन महतो, अजीत कुमार, दीपक कुमार, बेनी महतो, केशु महतो, ललित कुमार, टेकामन महतो, धनंजय यादव, बिनोद महतो, बचन राम मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

"
किसी को धोखा देकर ये मत सोचो की वो कितना बेवकूफ है, ये सोचो की उसे तुम पर कितना भरोसा था।
CHALOHINDI.COM

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चंदवारा में बिना रिश्वत के नहीं होता है दाखिल-खारिज - महादेव राम

### प्रखंड में अंधेरगर्दी के सवाल पर 4 मार्च को होगा प्रदर्शन



**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

भाकपा अंचल कमेटी चंदवारा की विस्तारित बैठक सांस्कृतिक भवन चंदवारा में पुरुषोत्तम यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय ने प्रस्तुत किया। जिसे सबों ने पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि चंदवारा अंचल में दाखिल-खारिज एवं जमीन ऑनलाइन के नाम पर भारी लूट मची है। बिना रिश्वत के दाखिल-खारिज नहीं होता है। कर्मचारी, अंचल निरीक्षक तथा अंचलाधिक. ारी मनमानी तरीके से किसानों का दोहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन अनुसूचित जातियों को 1975 में पर्चा मिला है। उन किसानों को दखल नहीं हो पाया है। साथ ही रसीद भी निर्गत नहीं हो रहा है। भाकपा अंचल कमेटी चंदवारा जिला प्रशासन से मांग करती है कि जिन किसानों ने गैरमजरूआ जमीन बरसों से जोत रहे हैं, खेती लायक जमीन बनाए हैं उनका रसीद निर्गत किया जाए नहीं तो पार्टी अनवरत आंदोलन चलाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि पूरे जिले में मनरेगा योजना का कार्य ठप है। रोजगार सेवकों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। विगत चार-पांच महीने से मानदेय भी नहीं मिल रहा है और काम भी लिया जा रहा है जिला प्रशासन के द्वारा अनावश्यक रूप से उन्हें तंग किया जा रहा है। उन्हें हटाने की धमकी दी जाती है जो मानवता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अगर रोजगार सेवकों को हटाने की धमकी दी गई तो पार्टी घनघोर आंदोलन चलाएगी। कॉमरेड रजक ने कहा कि जिले में बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है, कुछ माफिया बालू के धंधा में संलिप्त है और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेता पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि जिन गरीबों का सेक डाटा में नाम है उन्हें आवास नहीं दिया जा रहा है और उनका नाम सूची से हटा दिया गया है। इसके खिलाफ आंदोलन की आवश्यकता है। प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिक. ारी तथा पंचायत सेवक मनमानी कर रहे हैं। 15 वें वित्त की राशि में बंद. रबांट हो रहा है 15वें वित्त की योजनाओं का जांच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि होली के पहले गरीबों को पेंशन देने, सरलता से जमीन अ०नलाइन करने, दाखिल खारिज में कमीशन खोरी बंद करने, आवास योजना गरीबों को देने, मनरेगा योजना के मजदूरों को बकाया राशि भुगतान करने, गैरमजरूआ जमीन का रसीद निर्गत करने आदि सवालों को लेकर पार्टी 4 मार्च 2022 को चंदवारा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के पूर्व चंदवारा पुराना थाना चौक से जुलूस 12रू00 बजे निकाला जाएगा जो प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन में तब्दील होगा। बैठक में रामकिशुन शर्मा, कैलाश रजक, दशरथ पासवान, कुलेश्वर पंडित, हीरामन रजक, बसमतिया देवी, शांति देवी, उमेश रविदास, उमेश पासवान, वासुदेव दास, जिबलाल पंडित, दिनेश रजक, सुभाष रजक, मुंशी यादव, बासुदेव रविदास, महावीर यादव, रामनाथ प्रसाद, किशन दास, उमेश दास, सरजू पासवान, राजन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दशरथ पासवान ने किया।

## कॉलेज लिए निकला छात्र, नही आया लौटकर परिजनों ने किडनैपिक का लगाया आरोप

### वृन्दा जंगल से मिला बाइक, ग्रामीणों व पुलिस ने जंगल मे किया खोजबीन



गौतम कुमार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

रामपुर पंचायत के कांटी निवासी शिवकुमार वर्मा का इकलौता पुत्र गौतम कुमार वर्मा बीते दिनों कॉलेज के लिए निकला और वापस लौट के नही आया। अहले सुबह परिजनों को सूचना मिल की वृन्दा जंगल मे एक अज्ञात बाइक खड़ा है। परिजनों ने बाइक की पुष्टि कर गौतम का खोजबीन शुरू कर दिया। परिजनों ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर किडनैपिक का आरोप लगाया है। परि. जनों ने बताया कि गौतम तिलैया स्थित जेजे क०लेज में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है और सुबह अपने बाइक से कॉलेज गया हुवा था। और अबतक लौट कर नही आया। इधर देर शाम पुलिस ने बताया कि लड़के का लोकेशन ट्रेस किया गया तो देर शाम गया रेलवे स्टेशन पर उसका लोकेशन मिल रहा है। हालांकि पुलिस मामले का जांच पड़ताल कर रही है।

APEM LIVE

## माटी का स्वाभिमान आंदोलन के तहत 27 को सभा

### खतियान आधारित स्थानीय नीति की माँग गाँधी मैदान, हज़ारीबाग़ में 27 को विशाल कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खतियान आधारित स्थानीय नीति की माँग को लेकर राज्य के तमाम आदिवासी - मूलवासी विचारधारा से सम्बंध रखने वाले संगठनों और विचारकों का एक संयुक्त मंच तैयार किया गया है. इसे माटी का स्वाभिमान आंदोलन नाम दिया गया है. इस आंदोलन में युवाओं की विशेष तौर पर भागीदारी सुनिश्चित की गयी है. माटी का स्वाभिमान आंदोलन का संयोजक संजय मेहता को बनाया गया है. आंदोलन की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हज़ारीबाग़ के गाँधी मैदान में एक सभा आयोजित की जाएगी. जिसमें खतियान आधारित स्थानीय नीति पर विचारक अपनी - अपनी राय रखेंगे. 1932 के खतियान को स्थानीयता का आधार बनाने की माँग की जाएगी. आंदोलन के संयोजक संजय मेहता ने बताया की झारखंड निर्माण के दो दशक से ज़्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक झारखंड की स्थानीय नीति का परिभाषित न होना दुर्भाग्य की बात है. झारखंड में झारखंड के ही लोगों की हकमारी की जा रही है. आंदोलन से पूर्व संजय मेहता ने राँची में जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय मौन उपवास किया. संजय मेहता ने कहा की राज्य के भीतर झारखंडी जन भावनाओं के आधार पर ही सरकारी और प्रशासनिक निर्णय लेने होंगे. अब तक झारखंडी जनता को छला गया है. इसलिए माटी का स्वाभिमान आंदोलन के माध्यम से सरकार को आग्रह किया जाएगा की सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करे. यह सूचना आर्यकांत मेहता ने दी.






## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



THE MECHANICS

## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विकम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS, Hero, BAJAJ, HONDA, YAMAHA, SUZUKI, Lifelong, ROYAL ENFIELD, PIAGGIO, Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851



प्रो० शिव कुमार 9162759200

## शिव ऑप्टिकल हाऊस

कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।



धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आंधी तूफान के कारण बड़कागांव में 22 घंटे बिजली रही गुल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

गुरुवार दोपहर बाद 4 बजे बड़कागांव में बेमौसम आंधी तूफान बा. रिश के कारण बिजली पूर्ण रूप से बाधित रही। लोगों को तूफान के कारण लगभग 22 घंटे बिजली समस्या से जूझना पड़ा। जेट पंप, समरसेबल से पानी का चढ़ाव मोबाइल चार्ज एवं अन्य बिजली उपकरण नहीं चलने के कारण हुवी समस्या से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मामले को लेकर बिजली विभाग कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने बताया कि हजारीबाग सिंदूर से होते हुए डेमोटांड़ से बड़कागांव जंगल में आंधी तूफान के पेड़ गिरने कारण फॉ ल्ट आ गया था बड़कागांव के लिए तीन ब्रेकर और लगाया जा रहा है। ताकि जंगलों में पेड़ से तार सटने से बिजली को हो रहे नुकसान से बचाया जा सकेगा।

## महुदी में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की मासिक बैठक व जांच शिविर का आयोजन।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



प्रखंड के कांडडरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महूदी अंबेडकर भवन में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति महुदी की बैठक सहिया साथी आशिया खातून की अध्यक्षता में हुई ।बैठक पसस टिकी देवी की उपस्थित में हुई ।उन्हा. ेने कहा की स्वास्थ्य से सं. बंधित बैठकों में किशोर , किशोरी एवं महिलाओं को उपस्थित होना चाहिए ।इस तरह की बैठक से स्वास्थ्य से संबंधित कई बातें बताई जाती है जिससे हमारा समाज जागरूक हो ।सहिया साथी आशिया खातून ने राष्ट्रीय यक्षमा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीवी मुक्त के विषय में बताते हुए कहा कि 2 हफ्ते से अधिक खांसी होना, बलगम में खून आना ,भूख में कमी, वजन कम होना; शाम को बुखार आना, रात में पसीना आना, यदि इस तरह के लक्षण दिखते हैं तो इलाज के लिए आप समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव जाकर अवश्य जांच कराएं । 27 फरवरी को होने वाली पल्स पोलियो दिवस को सफल बनाएं ।वहीं सीएचओ आकांक्षा कुमारी ने 50 ग्रामीणों कि एनसीडी जांच की। और उन्होंने कहा कि मैं प्रत्येक माह आकर जांच करूंगी। बैठक में मुख्य रूप से पसस टिक्की देवी,सीएचओ आकांक्षा कुमारी,सहिया साथी आशिया खातून, सहिया किरण देवी, नाजनी खातून,मोनिका देवी, जल सहिया इंदु देवी, असगर अली, शमशाद बेगम, अंजू देवी, सरिता देवी ,ललिता देवी, मालती देवी, उर्मिला देवी एवं पारो देवी आदि उपस्थित थे।

## 2 वर्षों से खराब चापाकल को जीजस सचिव ने मरम्मत कराया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



चापाकल मरम्मत करते लोग

बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के सूर्य मंदिर के सामने हरदाबागी में विगत दो वर्षों से खराब पड़े चापाकल को जीसस मिशनरी सोसायटी ऑफ कर्णपुरा के सचिव नकुल महतो द्वारा मरम्मत करवाया गया । उक्त चापाकल से आसपास के लगभग 25 घर लाभान्वित होते हैं। चापाकल मरम्मत करवाने वालों उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से राहुल कुमार, लोकेश कुमार, हीरामन महतो,कीर्तन महतो, कर्ति कमहतो,जयमंगल कुमार, गोपाल प्रसाद,दशरथ महतो,उमेश महतो,उगन महतो,झमन महतो आदि उपस्थित थे।

## वज्रपात की तेज आवाज से बेहोश हुई महिला, किया गया रेफर

**अपेम लाइव : गावां**

**मोजाहिद अली**




गावां, गिरिडीहरू गावां प्रखंड अंतर्गत बिष्णिटीकर गांव में गुरुवार की देर शाम वज्रपात की तेज आवाज से एक महिला बे. होस हो गई। उसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर आए जहां प्राथमिक उपचार कर बाद ड०क्टर काजिम खान ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि बिश्नीटिकर निवासी संजय प्रसाद यादव की पत्नी मीला देवी अपने घर में बैठ कर आग ताप रही थी। इसी बीच उसके घर के बाहर वज्रपात हुआ लेकिन वज्रपात की आवाज़ इतनी तेज थी कि आवाज सुनकर वह बेहोश हो गई। महिला को बेहोशी की हालत में देख कर परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया जहां प्रा. थमिक उपचार करने के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।


APEM LIVE

## श्री श्याम आदार्श कीर्तन परिवार (हज़ारीबाग़) द्वारा आयोजित होगा कल भव्य भजन संध्या एवं निशान पूजन

## जय श्री श्याम के जयकारों के बीच भव्य ज्योत के साथ प्रारंभ होगा भव्य भजन संध्या

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**



जय श्री श्याम के जयकारों के बीच भव्य ज्योत के साथ प्रारंभ होगा भव्य भजन संध्या हजारीबागरू- रा. जस्थान के रींगस से 18 किलोमीटर दूर स्थित भव्य खाटू श्याम का मंदिर स्थापित है जहां पर फागुन महीने मे भव्य मेला लगाया जाता है जिसमे देश भर के तमाम श्याम भक्त बाबा का दर्शन करने पहुंचते हैं वहीं पूरे भारतवर्ष में फागुन के महीने में हर जगह बाबा श्याम को याद करते हुए भजन,अखंड ज्योत लिया जाता है। इसी बीच हजारीबाग मे श्री श्याम अर्दास कीर्तन परिवार (हज़ारीबाग़) द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन 26 फरवरी दिन शनिवार को संध्या 7:00 बजे से कानी बाजार स्थित प्रह्लाद स्टील के सामने हें - बव. में किया जा रहा है जिसमें बाबा का मनोहारी शृंगार, अखंड कीर्तन, निशान पूजन,अखंड ज्योत लिया जाएगा । वहीं श्याम भक्तों के बीच इत्र वर्षा फूलों की होली एवं भोग का वितरण किया जाएगा। सभी भक्तों को बाबा श्याम का तिलक लगाया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, तीन घायल, एक को किया गया रेफर

**अपेम लाइव : गावां**

**मोजाहिद अली**




गावां, गिरिडीहरू गांवा थाना क्षेत्र के आलमपुर में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर वाहन अनियंत्रित होकर नाली में चले जाने से ट्रैक्टर एक तरफा झुक गई जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रीति देवी पति बाजो बेसरा, बाजो बेसरा पिता पांडू बेशरा औऱ गोविंद बेसरा पिता रति बेसरा चिहुटिया गांव से खपड़ा खरीद कर ट्रै. क्टर के माध्यम से अपने गांव ककड़ीयार जा रहा था तभी अचानक चालक अनियंत्रित होकर वाहन को नाली के तरफ ले गया जिससे ट्रैक्टर सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें गोविंद बेसरा का पैर फ्रैक्चर होने की बात स्थानीय चिकित्सक डॉ काजिम ने कहा। दो घायलों को प्राथ. मिक उपचार कर घर भेज दिया वही गोविंद बेसरा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया

## अभाविप ने शैक्षणिक समस्याओं को लेकर मार्खम कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**




आज दिनांक 25-2-2022 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग इकाई के द्वारा मार्खम क०लेज में विभिन्न समस्याओं को लेकर कॉलेज प्राचार्य को मांग सौंपी गई जो निम्न प्रकार हैं-

1.महाविद्यालय परिषर में बैंक शाखा में ।ज्ड नही है जिससे छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है जिसे जल्द पूरा किया जाए।
2. महाविद्यालय में पार्किंग की सुविधा नहीं है जिसे जल्द पूरा किया जाए।
3. महाविद्यालय में लाइब्रेरी में नए सिलेबस की पुस्तक नहीं है जिसे उपलब्ध करवाई जाए।
4. महाविद्यालय में शुद्ध पेयजल और सुलभ शौचालय को दुरुस्त किया जाए।
5. छात्रों के लिए खेलकूद का मैदान उपलब्ध कराया जाए ताकि विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राएं अपना महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकें।
6. महाविद्यालय में होने वाली सभी प्रकार की सूचनाएं नोटिस बोर्ड में चिपकाया जाए और पूछताछ केंद्र की व्यवस्था की जाए।
7. 11वीं के नामांकन में फीस वृद्धि किया गया क्योंकि 11वीं में शिक्षक की नियुक्ति करनी थी जो अभी तक नहीं हो पाया जिससे विद्यार्थियों का पढ़ाई नियमित रूप से नहीं चल रही है जिसे जल्द पूरा किया जाए।
8. महाविद्यालय में जिम बहुत दिन से बंद है जिसको फिर से चालू किया जाए और उसे दुरुस्त किया जाए।
9. महाविद्यालय के वेबसाइट को अपडेट किया जाए क्योंकि महाविद्यालय के वे. बसाइट में विभिन्न प्रकार की कमियां हैं।

इन सारी मांगों को लेकर क०लेज प्रशासन को 2 सप्ताह के अंदर सभी का निवारण करने की मांग की है नहीं तो अभाविप उग्र आंदोलन को बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेवारी क०लेज प्रशासन की होगी मौके पर उपस्थित विभाग संयोजक-दीपक मेहता, जिला सह संयोजक-सोनू राय, नगर मंत्री मनदीप यादव ,प्रदेश जनजातीय छात्र कार्य सह प्रमुख-मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य-बाबूलाल मेहता, रंजीत पांडे, राज करण पांडे, आशीष सिंह ,निलेश कुमार, विक्रम पांडे, आशीष तिवारी ,रोशन कुमार पांडे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे!

APEM LIVE